**दिनांकः 29.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***सहारनपुर पुलिस का अपराधियों पर प्रहार - थाना नकुड़ पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना नकुड़ पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।*

*दिनांक **24.10.2025** को वादिया **श्रीमती जरीफा पत्नी श्री कामिल निवासी ग्राम जाफरपुर रनियाली थाना नकुड़ जिला सहारनपुर** द्वारा थाना नकुड़ पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तगण ने एक राय होकर वादिया के पुत्र **मुस्तकीम** के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट करते हुए **जान से मारने की नियत से उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया**, जिससे घायल मुस्तकीम की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना के संबंध में थाना नकुड़ पर **मु0अ0सं0 395/25 धारा 191(2)/115(2)/109(1)/352/103(1) बी.एन.एस.** बनाम अभियुक्तगण 1.सफात पुत्र कालूशाह 2.बुट्टा सिंह पुत्र बाबा सिंह 3.गुलशेर पुत्र कालूशाह 4.परवेज पुत्र ईशाक 5.इरफान पुत्र मदन निवासीगण ग्राम जाफरपुर रनियाली थाना नकुड़ जिला सहारनपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।*

*थाना नकुड़ पुलिस द्वारा पूर्व में अभियुक्त **इरफान पुत्र मदन** को गिरफ्तार किया जा चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए **शेष वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी** हेतु निर्देश दिए गए थे।*

*इसी क्रम में आज दिनांक **29.10.2025** को प्रभारी निरीक्षक **श्री संतोष कुमार त्यागी** के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **परवेज पुत्र ईशाक निवासी ग्राम जाफरपुर रनियाली थाना नकुड़ जिला सहारनपुर** को **ग्राम बान्दुखेड़ी बस अड्डा के पास से गिरफ्तार** किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध **विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।***

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –***

*परवेज पुत्र ईशाक निवासी – ग्राम जाफरपुर रनियाली, थाना नकुड़, जिला सहारनपुर।*

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *प्रभारी निरीक्षक – श्री संतोष कुमार त्यागी, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 – श्री शिवम चौधरी, थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*
3. *हे0का0 – रूपेन्द्र सिंह (1081), थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*
4. *का0 – मोन्टी चौधरी (1890), थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 29.10.2025

# *सहारनपुर पुलिस की सतर्क कार्यवाही - थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।*

*आज दिनांक* **29.10.2025** *को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष* ***श्री विनय शर्मा*** *के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा* ***1 वारंटी अभियुक्त*** *को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त* **राजेश पुत्र जसमेर सिंह निवासी ग्राम बट्टनवाला थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर** *जो कि* **वाद सं0 7760/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम** *से संबंधित मामले में* **माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर** *के न्यायालय से दिनांक 03.11.2025 के लिए चालानी वारंट पर वांछित था।*

*थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को* ***उसके निवास स्थान से विधिक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार*** *किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त को* ***माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।***

***गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण –***

*राजेश पुत्र जसमेर सिंह निवासी ग्राम बट्टनवाला थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा, थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री शेषपाल, थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*
3. *हे0का0 प्रदीप कुमार (307), थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*

दिनांकः 29.10.2025

-प्रेस नोट-

# सहारनपुर पुलिस का खनन माफियाओं पर बड़ा प्रहार 11 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध लगातार कठोर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा अवैध खनन गिरोह के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 11 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

थाना मिर्जापुर पर पूर्व में मु0अ0सं0 42/2025 धारा 303(2)/318(4) बी.एन.एस., 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम तथा 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्तगण –

1 अनसर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम अमादपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर
2 सादिक पुत्र इरशाद निवासी ग्राम अमादपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर
3 बिलाल पुत्र नाजिम निवासी ग्राम अमादपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर
4 जनार्दन पुत्र कशमीरा निवासी ग्राम बहादुरपुर, तहसील छछरौली, जिला यमुनानगर, हाल पता अकबरपुर बांस थाना मिर्जापुर सहारनपुर
5 कासिफ राव पुत्र शब्बीर राव निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर बांस थाना मिर्जापुर सहारनपुर
6 मुबारिक पुत्र शौकत निवासी ग्राम मंझार आल्हापुर थाना चिलकाना सहारनपुर
7 रिहान पुत्र इकराम निवासी अलाउद्दीन बांस उर्फ लौधीबांस थाना मिर्जापुर सहारनपुर
8 गुफरान पुत्र इकराम निवासी अलाउद्दीन बांस उर्फ लौधीबांस थाना मिर्जापुर सहारनपुर
9 दीक्षान्त पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम आल्हानपुर थाना चिलकाना सहारनपुर
10 सुमित पुत्र टोनीराम निवासी ग्राम महमूदपुर नगली थाना मिर्जापुर सहारनपुर
11पवन पुत्र रूल्हा निवासी ग्राम आरजी जोडियो थाना मिर्जापुर सहारनपुर

उपरोक्त सभी अभियुक्त एक सुसंगठित अपराधी गिरोह के सदस्य हैं, जिसका गैंग लीडर अनसर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम अमादपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर  हैं। यह गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से यमुना नदी की भूमि पर निरस्त पट्टों में अवैध खनन कर राजस्व को भारी क्षति पहुंचा रहा था

इन अभियुक्तों की आपराधिक गतिविधियों से आमजन में भय व आतंक का वातावरण व्याप्त था। ये सभी अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत करने या सूचना देने में आमजन भयभीत रहता है। इनके कृत्य गैंगस्टर एक्ट की धारा 2(ख)(एक) के अंतर्गत आच्छादित एवं धारा 3(1) के तहत दण्डनीय पाए गए हैं।

अभियुक्तगण द्वारा अवैध खनन कर अर्जित की गई सम्पत्ति को गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत जब्त किया जायेगा।

सहारनपुर पुलिस द्वारा खनन माफियाओं के विरुद्ध ऐसी प्रभावी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**-प्रेस नोट-**

**दिनांकः 29.10.2025**

## सहारनपुर पुलिस की कार्रवाई — थाना गागलहेड़ी पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में नकबजनी, चोरी, लूट एवं अवैध शस्त्रों की बिक्री की रोकथाम तथा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

दिनांक **29.10.2025** को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा गश्त/चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त **शाहबाज पुत्र जमील निवासी बड़ी मस्जिद, देहरादून रोड, कस्बा व थाना गागलहेड़ी, जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से **एक अवैध तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस 315 बोर** बरामद किया गया।

इस संबंध में थाना गागलहेड़ी पर **मु.अ.सं. 315/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण —**

शाहबाज पुत्र जमील निवासी बड़ी मस्जिद, देहरादून रोड, कस्बा व थाना गागलहेड़ी, जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण —**

☐ एक अवैध तमंचा 315 बोर

☐ एक जिंदा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम —**

1. थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार, थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर
2. उ0नि0 शिव कुमार, थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर
3. है0का0 831 सोनू ढाका, थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर
4. है0का0 810 राहुल चौहान, थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 29.10.2025

**धार्मिक एवं जातीय उन्माद फैलाकर समाज का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध सहारनपुर पुलिस की सख्त कार्रवाई**

*श्रीमान्* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *महोदय के स्पष्ट निर्देशन में जनपद में सामाजिक सौहार्द्र, अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु धार्मिक एवं जातीय उन्माद फैलाने वाले तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

*सहारनपुर पुलिस का यह स्पष्ट संदेश है कि सामाजिक सौहार्द्र एवं सार्वजनिक शांति के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।*

*इसी परिप्रेक्ष्य में, विगत* ***05 वर्षों*** *में धार्मिक एवं जातीय उन्माद फैलाने से संबंधित* ***कुल 138 अभियोग*** *जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत किए गए हैं। इन अभियोगों में संलिप्त व्यक्तियों द्वारा समाज में वैमनस्य फैलाने, विभिन्न समुदायों के मध्य तनाव उत्पन्न करने, तथा लोक व्यवस्था भंग करने के प्रयास किए गए थे।*

*इन सभी अभियोगों का गहन विश्लेषण कर उनके निराकरण हेतु प्राथमिकता तय की गई है। अब तक* ***64 अभियोगों में आरोपपत्र न्यायालय प्रेषित*** *किए जा चुके हैं, जिनमें आरोपित* ***118 अभियुक्तों*** *के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन कार्यवाही प्रचलित है।*

*श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी अभियोगों की निगरानी अधिकारी स्तर पर की जाए तथा अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी कराते हुए दोषियों को शीघ्र दोषसिद्ध कराया जाए। इसके लिए सभी संबंधित प्रकरणों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन कराते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाएगी।*

*पुलिस प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा धार्मिक अथवा जातीय आधार पर समाज में विभाजन, नफरत अथवा तनाव फैलाने का प्रयास किया जाए तो तत्काल उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाए।*

*जनपद सहारनपुर पुलिस का यह प्रयास न केवल कानून के शासन को मजबूत करेगा बल्कि समाज में यह संदेश भी देगा कि —* ***"धार्मिक एवं जातीय उन्माद फैलाने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, और ऐसे तत्वों के विरुद्ध न्यायालय से शीघ्र दोषसिद्धि कराई जाएगी।"***

-प्रेस नोट-

दिनांक: **29.10.2025**

## <u>सराहनीय कार्य — यूपी-112, थाना – देवबंद ,जनपद सहारनपुर</u>

**महिला की रात में सुरक्षित सहायता कर उदाहरण प्रस्तुत किया यूपी-112 पुलिस ने रात्रि में अकेली महिला की सहायता कर यूपी-112 पुलिस, सहारनपुर ने मानवता और संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।***

दिनांक 28.10.2025 को रात्रि लगभग 22:39 बजे, थाना देवबंद क्षेत्र अंतर्गत मंगलौर पुलिस चौकी के पास से कॉलर नेहा (मो. 9368025270) द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वह अकेली हैं और अपने मामा के घर ग्राम गंदासपुर, थाना देवबंद जाना चाहती हैं, परंतु रात्रि अधिक हो जाने के कारण उन्हें कोई वाहन नहीं मिल पा रहा है। कॉलर ने पुलिस सहायता की मांग की।

सूचना पर यूपी-112 पीआरवी 5976 को तत्काल मौके पर भेजा गया। पीआरवी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलौर पुलिस चौकी के पास पहुँचकर कॉलर नेहा से संपर्क किया, जो हैदराबाद से देवबंद रेलवे स्टेशन पर उतरी थीं। रात अधिक हो जाने के कारण कोई सार्वजनिक वाहन न मिलने पर वह अकेली थीं। इस पर पीआरवी स्टाफ ने महिला की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, उन्हें अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ग्राम गंदासपुर, थाना देवबंद स्थित उनके मामा के घर तक सकुशल पहुँचाया।

महिला एवं उनके परिजनों ने यूपी-112 पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं सुरक्षा के भाव की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

पीआरवी-5976 स्टाफ विवरण
कमांडर: मुख्य आरक्षी  प्रदीप कुमार
सब कमांडर: महिला आरक्षी अनिता

दिनांक 29.10.2025

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद-

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान **"आपरेशन सवेरा"** के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस द्वारा दिनांक 29/10/2025 को चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त **सावेज पुत्र नौशाद निवासी मौ0 गुजरान कस्बा व थाना गंगोह जनपद सहारनपुर** को निर्माणाधीन हाईवे से से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सावेज के कब्जे से **कुल 15 ग्राम अवैध स्मैक** व 01 मोटर साईकिल बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 497/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त सावेज उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्व विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ विवरण-** अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मै स्मैक पीता व बेचता हूँ और आज भी मै इस स्मैक को बेचने जा रहा था कि पुलिस को देखकर घबरा गया था और पकड़े जान के डर से स्मैक को कहीं छिपाना चाह रहा था और मोटरसाइकिल मोडकर भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन पुलिस ने पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. सावेज पुत्र नौशाद निवासी मौहल्ला गुजरान कस्बा व थाना गंगोह जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 15 ग्राम अवैध स्मैक
- 01 मोटर साईकिल (स्पलैंडर)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
2. है0का0 1013 राहुल तोमर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3 हे0का0 362 अमित पंवार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. का0 326 रिंकू कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. का0 126 सविन कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 29.10.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## सहारनपुर पुलिस की बीट प्रणाली को सशक्त बनाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आकस्मिक समीक्षा — उत्कृष्ट बीट कार्य हेतु 04 पुलिसकर्मी सम्मानित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर महोदय द्वारा जनपद में बीट प्रणाली को सशक्त, प्रभावी एवं जनसंपर्क आधारित बनाए जाने के उद्देश्य से एक आकस्मिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा के तहत जनपद के समस्त थानों से कुल 51 बीट मुख्य आरक्षी/आरक्षी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सहारनपुर में तलब कर उनकी बीट बुक को चैक किया गया। समीक्षा के दौरान बीट क्षेत्र में गणमान्य व्यक्तियो की जानकारी, अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की पहचान, विवादों की स्थिति तथा सी-प्लान की अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रविष्टियों की चैकिग की गई। इस दौरान कुछ मुख्य आरक्षी/आरक्षियों की बीट बुक प्रविष्टियां अपूर्ण पाई गई तथा कुछ के पास अपने बीट क्षेत्र की पर्याप्त जानकारी का अभाव पाया गया। उन कर्मचारियो को शीघ्र बीट बुक पूर्ण कर अध्याविक करने हेतू आदेशित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत पुलिसकर्मी

निरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 04 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को उनके बीट क्षेत्र में बेहतर जानकारी, अनुशासन, अभिलेख रख-रखाव एवं जनसंपर्क के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ₹1000/- (एक हजार रुपये) का नगद पुरस्कार देकर पुस्कृत किया गया।

1- है0का0 सोनू कुमार – थाना कोतवाली नगर
2- का0 शुभम सिंह – थाना देवबंद
3- का0 गौरव कुमार – थाना देवबंद
4- का0 सुमित वर्मा – थाना सरसावा

### लापरवाही पर चेतावनी

बीट बुक की प्रविष्टियों में लापरवाही एवं अपूर्णता पाए जाने पर निम्नलिखित 04 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई —

1. का0 जसवंत सिंह – थाना बेहट
2. का0 नितिन कुमार – थाना गंगोह
3. है0का0 मनोज कुमार – थाना तीतरो
4. है0का0 अमित कुमार – थाना सदर बाजार

### पुलिस कर्मियों की समस्याओं का तत्क्षण निस्तारण

बीट बुक चैकिग के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी उपस्थित मुख्य आरक्षी/आरक्षियों से थानों पर कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान 05 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों द्वारा रहने एवं खाने की समस्या बताई गई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रतिसार निरीक्षकों को उक्त समस्याओं का निस्तारण तत्काल करने के निर्देश जारी किए।

- "बीट प्रणाली पुलिसिंग का सबसे मजबूत आधार है। यदि बीट स्तर पर सूचनाएं और जनसंपर्क सशक्त होंगे, तो अपराध नियंत्रण और जनता का विश्वास दोनों सुनिश्चित होंगे।"

  ***— वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर***

-प्रेस नोट-

दिनांकः **29.10.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा राजपत्रित अधिकारियो की साप्ताहिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित — क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनीश चन्द्र को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया

आज दिनांक **28.10.2025** को **कैम्प कार्यालय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** में **श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर महोदय** की अध्यक्षता में *जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों की साप्ताहिक गोष्ठी* आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में पुलिस कार्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी करने के उद्देश्य से **12 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा** की गई, जिनमें प्रमुख रूप से —

**1- एसआईटी अभियोगों की समीक्षा**
**2 -आकस्मिक निरीक्षण पुस्तिकाओं की जांच**
**3- यातायात व्यवस्था का मूल्यांकन**
**4- धारा 126/135 बीएनएसएस कार्यवाही की समीक्षा**
**5- शत्रु संपत्ति से संबंधित प्रकरणों का परीक्षण**
**6- जातीय बोर्ड/होर्डिंग्स की स्थिति का अवलोकन**
**7- प्रचलित अभियानों की प्रगति की समीक्षा**
**8-अभियोजन कार्यों की मॉनिटरिंग सैल द्वारा समीक्षा**
**9- चोरी/लूटे गए मोबाइल फोन की बरामदगी का विश्लेषण (सर्विलांस सेल)**
**10- जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन (चौकी जेल इंचार्ज)**
**11- IGOT प्रशिक्षण की समीक्षा (यातायात उपाधीक्षक)**
**12- CCTNS पोर्टल पर जघन्य अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की स्थिति की समीक्षा**

गोष्ठी के दौरान *प्रत्येक क्षेत्राधिकारी के कार्यों का मूल्यांकन अंकों के आधार पर किया गया*, जिसमें **क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम श्री मुनीश चन्द्र** ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए **कुल 1000 में से 695 अंक** प्राप्त कर **प्रथम स्थान** प्राप्त किया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** द्वारा उनके इस उत्कृष्ट कार्य हेतु **सम्मान स्वरूप प्रथम स्थान की सीह्ड प्रदान की गई।**

- ***"कर्मनिष्ठ अधिकारी ही उत्कृष्ट पुलिसिंग की पहचान हैं।"***
- ***सहारनपुर पुलिस — जनता के विश्वास की प्रहरी।***

दिनांकः 29.10.2025

**-प्रेस नोट-**

# *सहारनपुर पुलिस की सक्रिय कार्यवाही - थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना कोतवाली मण्डी पुलिस को एक और सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक **29.10.2025** को पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक **श्री रोजन्त त्यागी** के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा **01 वारंटी अभियुक्त सोनू उर्फ शाहनवाज पुत्र मौ0 इकराम निवासी पीरवाली गली न0 25, निकट अशरफ मस्जिद, कोतवाली मण्डी, जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। जो कि **वाद संख्या 1369/21, मु0अ0सं0 86/21, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** से संबंधित मुकदमे में वारण्टी था। अभियुक्त की **पेशी की नियत तिथि 01.11.2025** माननीय न्यायालय, सहारनपुर में निर्धारित थी।

थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को **उसके निवास स्थान से विधिक कारण गिरफ्तारी बताते हुए गिरफ्तार किया गया।** गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक **विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।**

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण –**

*सोनू उर्फ शाहनवाज पुत्र मौ0 इकराम निवासी पीरवाली गली नं. 25, निकट अशरफ मस्जिद, थाना कोतवाली मण्डी, जनपद सहारनपुर।*

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –**

1. *उ0नि0 श्री सतीश कुमार*, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर।
2. *का0 विकल सोम (500)*, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 29-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# सहारनपुर पुलिस की सराहनीय कार्यवाही - थाना बड़गांव की मिशन शक्ति/एंटीरोमियों टीम द्वारा गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे* ***"ऑपरेशन मुस्कान/मिशन शक्ति फेज-5.0"*** *के अंतर्गत थाना बड़गांव पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।*

*दिनांक* ***21.10.2025*** *को वादी* ***श्री अनिल कुमार पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम चिराऊ थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*** *द्वारा थाना बड़गांव पर तहरीर दी गई थी कि उनका पुत्र* ***सत्यम (उम्र लगभग 21 वर्ष)*** *दिनांक* ***19.10.2025*** *को बिना बताए घर से कहीं चला गया है और वापस नहीं आया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना बड़गांव पर* ***गुमशुदगी दर्ज*** *की गई तथा गुमशुदा युवक की तलाश हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित की गई।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक* ***श्री रमेश चन्द्र सिंह*** *के कुशल नेतृत्व में* ***एंटीरोमियों पुलिस टीम द्वारा*** *आज दिनांक* ***29.10.2025*** *को गुमशुदा युवक* ***सत्यम पुत्र अनिल कुमार*** *को* ***सुरक्षित बरामद*** *किया गया। बरामद युवक के परिजनों को सूचना देकर थाना बड़गांव पर बुलाया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर युवक को* ***उसके पिता श्री अनिल कुमार के सकुशल सुपुर्द*** *किया गया।*

*अपने पुत्र को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली एवं* ***थाना बड़गांव पुलिस की त्वरित व संवेदनशील कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।***

---

***बरामद गुमशुदा युवक का विवरण –***

*सत्यम पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम चिराऊ, थाना बड़गांव, जनपद सहारनपुर*

---

***बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *श्री रमेश चन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*
2. *म0उ0नि0 दीक्षा, थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*
3. *उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा, थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*
4. *हे0का0 मौ0 आबिद (594), थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*
5. *म0का0 संगीता (79), थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर*

---

***सहारनपुर पुलिस का संदेश :***

*"हर गुमशुदा को घर तक पहुँचाना ही हमारा संकल्प – ऑपरेशन मुस्कान के तहत हर मुस्कान लौटाना हमारा प्रयास।"* □***सहारनपुर पुलिस — संवेदनशीलता, सेवा और सुरक्षा के प्रति समर्पित।*** □

**दिनांकः 29.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

***□□♂□ जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान — अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग □***

*➡□ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।*

*➡□आज दिनांक 29.10.2025 को समय 13:00 बजे से 14:00 बजे तक जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई।*

***□ अभियान की प्रमुख विशेषताएँ :***

** जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई।*

** संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।*

** सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई।*

** थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।*

** अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।*

दिनांक: 29-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

## ➡ *थाना मिर्जापुर में महिलाओं व बालिकाओं को साइबर सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण की दी गई जानकारी*

*थाना मिर्जापुर क्षेत्र में उपनिरीक्षक दीक्षा एवं म०का० निकिता तोमर द्वारा कस्बा मिर्जापुर में महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता माह अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूक किया गया।*

*इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग, महिला सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और बच्चों के कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। महिलाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा और संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचाव के उपाय भी बताए गए।*

*कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर*

*1930, 1090, 1098, 1970, 112, 102, 108, 181 — की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित किए गए।*

➡ *इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को डिजिटल व सामाजिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें हर प्रकार के अपराध से सुरक्षित रखना है।*

दिनांक: **29-10-2025**

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

## ***➡️ थाना देवबंद में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को दी गई जागरूकता की जानकारी***

*➡️ थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उप निरीक्षक अशोक कुमार एवं उप निरीक्षक सुधा रानी द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*➡️ इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा नंबर 112, तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: **29-10-2025**

## ➡□थाना नकुड़ में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

*□थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत एंटी रोमियो टीम की महिला उपनिरीक्षक अर्चना तथा महिला कॉन्स्टेबल दिशा द्वारा कस्बा नकुड़ के मोहल्ला मुंशीपुरा में महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन किया गया।*

*चौपाल के दौरान महिलाओं और बालिकाओं से उनकी समस्याएं सुनी गईं, तथा उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे — विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, एवं बाल मजदूरी न कराने के विषय में जानकारी दी गई।*

*कार्यक्रम में सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

□ *1090 (वूमेन पावर लाइन),*
□ *1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन),*
□ *1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन),*
□ *1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन),*
□ *108 (एंबुलेंस सेवा),*
□ *112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)।*

➡□*महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित कर उन्हें अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।*

दिनांक: 29-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# ➡️रामपुर मनिहारान में महिलाओं एवं बालिकाओं की चौपाल का आयोजन, महिला हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

*➡️थाना क्षेत्र रामपुर मनिहारान के बस स्टैंड दिल्ली रोड स्थित क्षेत्र में महिला कांस्टेबल सोनू एवं महिला PRD रेखा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की चौपाल आयोजित की गई।**

*➡️कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जैसे —*

☐ *1090 (वूमेन पावर लाइन)*

☐ *112 (आपातकालीन सेवा)*

☐ *1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)*

☐ *1930 (साइबर हेल्पलाइन)*

*साथ ही उन्हें सरकारी महिला कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों एवं साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। अंत में पंपलेट वितरित किए गए और महिलाओं से उनकी समस्याएं सुनी गईं।*

*☐☐इस चौपाल का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों एवं सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे हर परिस्थिति में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।*

दिनांक: 29-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

## ➡☐थाना जनकपुरी में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक*_

*➡☐थाना जनकपुरी क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम की उप निरीक्षक मोनिका यादव एवं हेड कांस्टेबल बबीता मान द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों — तकिया जानकनगर, SBD चौराहा, देहरादून चौक, जेलचुंगी, बाजोरिया रोड एवं मंदिर क्षेत्र — में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*
*इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग, सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं बच्चों के कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में बताया।**

*➡☐उन्हें साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।*
*साथ ही सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

☐ *1090 (वूमेन पावर लाइन)*

☐ *1930 (साइबर हेल्पलाइन)*

☐ *108 (एंबुलेंस सेवा)*

☐ *112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)*

*➡☐कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरित किए गए, उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा बाजोरिया रोड क्षेत्र में गश्त कर मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।*

*➡☐इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और डिजिटल सतर्कता को बढ़ाना है, जिससे वे समाज में सुरक्षित एवं सशक्त भूमिका निभा सकें।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: **29-10-2025**

***➡□थाना कोतवाली नगर में मिशन शक्ति टीम द्वारा साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गय****

*➡□थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम — महिला उपनिरीक्षक अंजू सिंह, कॉन्स्टेबल चा0 अभिषेक, महिला आरक्षी भारती एवं महिला कांस्टेबल आशा — द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*➡□इस दौरान टीम ने आने-जाने वाले पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों को साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया —*

☐ *1930 (साइबर हेल्पलाइन)*

☐ *1090 (वूमेन पावर लाइन)*

☐ *108 (एंबुलेंस सेवा)*

☐ *112 (आपातकालीन पुलिस सेवा)*

☐ *1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)*

*➡□मिशन शक्ति पुलिस टीम ने लोगों को थाना प्रांगण में बने मिशन शक्ति केंद्र के बारे में भी अवगत कराया और बताया कि यह केंद्र महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग और शिकायत समाधान के लिए समर्पित है।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 29-10-2025

**➡️थाना बिहारीगढ़ में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत साइबर सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता अभियान चलाया गया*_**

*➡️थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा के नेतृत्व में एंटी रोमियो / मिशन शक्ति टीम — महिला उपनिरीक्षक अक्षिता सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू, एवं महिला पीआरडी सुषमा — द्वारा थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र में व्यापक चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।**

*➡️मिशन शक्ति पुलिस टीम ने स्कूल-कॉलेजों, बैंकों के आसपास, एवं गांवों, बाजारों व प्रमुख चौराहों पर जाकर लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं, को साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जानकारी दी।**

*➡️महिला उपनिरीक्षक अक्षिता सिंह ने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को डिजिटल एरेस्टिंग, महिला सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और बच्चों के कल्याण संबंधी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।**

*➡️ मिशन शक्ति पुलिस टीम ने लोगों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया।**

*साथ ही सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

☐ *1930 (साइबर हेल्पलाइन)*

☐ *1090 (वूमेन पावर लाइन)*

☐ *1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)*

☐ *1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)*

☐ *112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)*

☐ *102 / 108 (स्वास्थ्य सेवा / एंबुलेंस)*

☐ *181 (महिला हेल्पलाइन)*

